# खुले में बिक रहा था मांस-मटन, तीन दुकानें की सील

## कार्रवाई से मीट मार्केट में मचा हड़कंप, अधिकारियों को देख दुकानदारों ने गिराई अपनी-अपनी शटर

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नियमों का उल्लघन करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। जिसके तहत जहां अवैध अतिक्रमण पर शहरभर में कार्रवाई चल रहीं है। तो वहीं नियमों का उल्लघन करने वाली मांस मटन की दुकानों पर नगरपालिका प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। इस दौरान जहां नगरपालिका की टीम द्वारा खुले में मांस, मटन का विक्रय करने पर तीन दुकानों को सील किया गया। तो वहीं कार्रवाई होते देख पूरे मार्केट में हंडकंप मच गया, जिसके चलते दुकानदार अपनी शटर गिराते हुए नजर आए। तो वहीं दुकानदारों द्वारा फेंके





जानवरों के अवशेष कुत्ता जबाता हुआ मिला।

दरअसल गुरूवार को तहसीलदार भारतेंदु यादव, देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा, नगरपालिका सीएमओ विनोद उन्नीतान अपनी टीम के साथ कटरा मोहल्ला स्थित मीट मार्केट का निरीक्षण करने पहुंचे,जहां खुले में मांस मटन बिकता देख दुकानदारों को हिदायत दी, तो वहीं तीन दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। अधिकारियों द्वारा की गई इस कार्रवाई जहां मांस मटन की दुकानों का संचालन करने वालों में हडकंप मच गया, जिसके चलते दुकानदारों,रा अपनी अपनी दुकानों के शटर गिरा लिये गये, जिसे अधिकारियों द्वारा खुलवाकर देखा गया। जहां गंदगी का अंबर नजर आया।

**खुले में फेंक रहे जानवरों के अवशेष :** शहर में चल रहे मीट, मटन के मार्केट में किस तरह नियमों का धज्जियां उड़ाई जा रहा है, इसका उदाहरण जिला प्रशासन की कार्रवाई के दौरान देखने को मिला, यहां न तो स्वच्छता मानकों का ध्यान रखा जा रहा था, न ही जानवरों के अवशेष का विनिष्ठिकरण किया जा रहा है। जिसके चलते जब नपा सीएमओं द्वारा मीट-मटन की दुकानों का निरीक्षण कर रहे थे, तो वहीं उस समय एक डॉग जानवर के अवशेष जबाता हुआ नजर आया।

***इनका कहना है।***

*खुले मांस मटन का विक्रय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान तीन दुकानों को सील किया गया। साथ ही दुकानदारों को हिदायत दी कि वह खुले में मांस-मटन का विक्रय न करे। वहीं दुकानदारों द्वारा तहसीलदार के समक्ष जुर्माना की राशि जमा कराई है।*

***विनोद उन्नीतान, सीएमओ***
***नगरपालिका अशोकनगर***



# नववर्ष पर जिला पुलिस ने दिये उपहार स्वरूप गुम मोबाइल

**सायबर सेल ने 79 मोबाइल लौटाए**

**गुम मोबाइल पाकर खुश नजर आए लोग**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नये साल के पहले पखवाड़े में जिला पुलिस द्वारा जिले के लोगों के गुम हुए मोबाइल खोजकर उन्हें उपहार स्वरूप लौटाए गए, जिन्हें पाकर मोबाइल मालिकों के चेहरे खिलते हुए नजर आए।

गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में गुम मोबाइलों को बुलाया गया, जहां पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा द्वारा उनसे चर्चा की गई। इसके बाद उन्हें पुलिस की सायबर सैल द्वारा खोजे गए 79 मोबाइल फोन लौटाए गए। तो वहीं नये साल पर पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइलों को उपहार स्वरूप लेकर लोग गद्गद नजर आए। पुलिस द्वारा लौटाए गए 79 मोबाइलों की कीमत करीब 8 लाखों रूपये बताई गई है। इस दौरान पुलिस द्वारा बताया गया कि वर्तमान में गुम हुए मोबाइल फोन सर्च की सुविधा जिले के सभी थानों पर उपलब्ध करा दी गई है। अब नागरिकों को सायबर सेल कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि गुम मोबाइल की शिकायत संबंधित थाने में निम्न दस्तावेजों जैसे आवेदन पत्र, आधार कार्ड, मोबाइल फोन का बिल के साथ की जा सकती है। इसके अतिरिक्त नागरिक स्वयं भी निम्न पोर्टल के माध्यम से गुम मोबाइल की शिकायत दर्ज कर सकते हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक द्वारा इस सराहनीय कार्यवाही हेतु सायबर सेल एवं थानों की टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## एक नजर में

### ट्रेक्टर-ट्राली पर चस्पा की रेडियम पट्टी

**नवभारत अशोकनगर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत यातायात विभाग ने सड़क हादसों में कमी लाने के लिए ट्रेक्टर-ट्राली और लोडिंग वाहनों पर रेडियम पट्टी चस्पा की, तो वहीं लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। पुलिस कप्तान राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में बुधवार को ट्रैफिक सेफ्टी डे के अवसर पर यातायात पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य लोडिंग वाहनों पर सुरक्षा की दृष्टि से रेडियम स्टीकर लगाए गए, जिससे रात्रि के समय दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। तो वहीं कोलुआ रोड तिराहे पर अस्थाई रोटरी का निर्माण कर यातायात को सुव्यवस्थित किया गया। इसके अलावा आम नागरिकों को पंपलेट, बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई एवं नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। तो वहीं चंदेरी पुलिस द्वारा ग्राम कूकूतलैया में यातायात जागरूकता अभियान के तहत लोगों को राहवीर योजना की जानकारी दी गई।

### करुणा निधि समिति ने बांटे कंबल

**नवभारत अशोकनगर।** कड़ाके की सर्दी से जनजीवन अस्त व्यस्त है, तो वहीं इस ठंड का शिकार लोग न हो, इससे बचने के लिए बुधवार की रात्रि में करूणा निधि सेवा समिति द्वारा बेसहारा और दिव्यांग लोगों को कंबलों का वितरण किया। समिति के अध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए समिति द्वारा कार्य किए जा रहे है, इसी के तहत विगत रात्रि में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृद्ध बेसाहारा और दिव्यांग लोगों को गोपालगंज में भोजन कराया गया और उसके बाद कंबल वितरित किए गए। इसके साथ ही उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए साबुन वितरित की गई। इस मौके पर कोषाध्यक्ष पारस चंद जैन, प्रदीप शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष अमर सिंह खजुरिया, रामबली सिंह डगोरा और अशोक रघुवंशी सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### रबी फसलों के लिए फसल बीमा 15 तक

**नवभारत अशोकनगर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी वर्ष 2025-26 में प्रत्येक बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समिति (सोसायटी), कॉमन सर्विस सेन्टर एवं बैंकों के माध्यम से ऋणी एवं अऋणी कृषक 15 जनवरी 2026 तक अपनी अधिसूचित फसलों गेहूं, चना, सरसों, मसूर का फसल बीमा करा सकते हैं। किसानों को सलाह दी गई हैं कि अधिक-से-अधिक किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा कराए। जिले के अधिक-से-अधिक कृषकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिल सके। अऋणी कृषकों के फसल बीमा हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, भू-पुस्तिका/बी-1 की छायाप्रति, बुवाई प्रमाण पत्र आवश्यक होगा।

### डीजे बजाने वाली महिलाओं पर कार्रवाई

**नवभारत अशोकनगर।** देहात पुलिस ने तेज आवाज में डीजे बजाने वाली तीन महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शंकर कालोनी निवासी पिस्ताबाई और दो अन्य महिलाओं द्वारा तेज आवाज में रात्रि में डीजे बजाया जा रहा था, जिसकी मनाही स्थानीय लोगों द्वारा की गई, लेकिन महिलाओं ने डीजे बंद करने के स्थान पर उनके साथ गाली गलौच की, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने डीजे के दो साउंड जब्त करते हुए तीनों महिलाओं पर मामला दर्ज किया है।

### जुआ खेलते एक दर्जन पकड़ाए

**नवभारत अशोकनगर।** चंदेरी पुलिस ने करीब एक दर्जन लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा है, इसके साथ ही उनसे ताश की गड्डी और करीब 17 हजार रूपये जब्त किये है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रौतयाना मोहल्ला के पीछे खोड़ा में मोहम्मद राशिद, सलमान खान, महबूब खा, मोहम्मद इमरान, चंदन सिंह, कप्तान सिंह, राकेश, संजू, रामलाल, पंकज जैन आदि हार जीत का दांव लगाते हुए ताश खेल रहे थे, जिन्हें पुलिस ने पकड़कर जुआ एक ट के तहत कार्रवाई की है।

# तीसरे दिन भी जारी रही अतिक्रमण की कार्रवाई

## गांधी पार्क, विदिशा रोड़ पर हटाया गया अवैध अतिक्रमण, सड़कें हुईं चौड़ी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर को साफ, स्वच्छ और सुदंर बनाने का अभियान नगरपालिका द्वारा तीसरे दिन भी जारी रहा। जिसके चलते नगरपालिका का बुलडोजर अवैध अतिक्रमण पर चला। इस दौरान नपा अमले द्वारा गांधी पार्क से लेकर मिलन तिराहा और विदिशा रोड़ से लेकर एचडीएफसी चौराहा तक अतिक्रमण हटाया, जिससे गांधी पार्क से फाटक और विदिशा रोड़ काफी चौड़ा नजर आया।

दरअसल कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर नगरपालिका द्वारा अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई की जा रहीं है। जहां नगरपालिका अमले द्वारा पहले दिन अस्पताल चौराहे से लेकर ईसागढ़ रोड़ के दोनो तरफ अतिक्रमण हटाया, तो वहीं दूसरे दिन स्टेशन रोड़ एवं इंद्रा पार्क रोड़ पर अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई की गई। गुरूवार को जिला प्रशासन के नेतृत्व नपा का बुलडोजर खूब गरजा और अच्छे-अच्छे धन्ना सेठों के अवैध निर्माण को धरासाई करता नजर आया।



**कार्रवाई से पूर्व लोगों ने हटाये टीनशैड, अतिक्रमण पर चलाया हथौड़ा :** अतिक्रमण की पहले से घोषित कार्रवाई को देखते हुए गुरूवार सुबह से ही विदिशा रोड़ पर स्थित दुकानदारों ने अपने-अपने टीन शैड हटाते नजर आए। तो वहीं कई दुकानदारों द्वारा नाली के ऊपर से किये गये अतिक्रमण भी हटाया। वहीं जब नपा की टीम द्वारा अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई, तो उसे कार्रवाई में आसानी हुई, लेकिन अतिक्रमण पर हो रहीं कार्रवाई को देखने के लिए लोगों की भीड़ जरूर बड़ी संख्या में एकत्रित थी, जिसकी बजह से मशीन को इधर से उधर करने में समय लग रहा था।

### हिन्दू सम्मेलन की तैयारियां जारी, किया जनसंपर्क

**नवभारत नईसराय।** संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 18 जनवरी को धुर्रा मंडल में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसकी तैयारिया चल रही है। इसी के चलते गुरूवार को मंडल के सदस्यों ने ग्राम देरखा में पहुंचकर सर्व समाज के हिंदू भाई बहनों से संपर्क किया और उन्हें सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर पूर्व जिला कार्यवाह भूरे सिह रघुवंशी धुरा, सुरेंद्र सिंह रघुवंशी, रंजीत कुशवाह , लखन रघुवंशी, सुनील रघुवंशी, सतीश पालीवाल, मनोज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मंडी तौल को लेकर व्यापारियों का अल्टीमेटम

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** कृषि उपज मंडी समिति मुंगावली में मंडी तौल व्यवस्था को लेकर व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। मंडी प्रशासन की पिछली बैठक जो एसडीएम एवं एसडीओ की उपस्थिति में मंडी कार्यालय में आयोजित हुई थी उसमें दिए गए निर्देशों का अब तक पालन नहीं होने से व्यापारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। बैठक में मंडी प्रशासन के निर्देशानुसार व्यापारियों द्वारा अपने तौल कांटे, बारदाना सहित अन्य अनाज सामग्री टीनशेड से हटा ली गई थीं जिससे वर्तमान में टीनशेड पूरी तरह खाली पड़े हैं। बैठक के दौरान व्यापारियों ने यह मांग रखी थी कि जिन व्यापारियों के फड़ हेतु जगह नहीं है उन्हें टेंडर प्रक्रिया कराकर फड़ हेतु जमीन उपलब्ध कराई जाएं साथ ही यह भी प्रस्ताव रखा गया था कि जब तक टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक उन्हें अस्थायी रूप से किराए पर जगह उपलब्ध कराई जाए, ताकि मंडी तौल का कार्य



सुचारु रूप से चलता रहे। व्यापारियों के अनुसार, बैठक में अधिकारियों द्वारा दो दिवस के भीतर प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आज तक इस विषय में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। इससे मंडी में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो रही है और किसानों व व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में गुरुवार को अनाज तिलहन व्यापारी संघ मुंगावली के अध्यक्ष देवेंद्र सर्राफ के नेतृत्व में मंडी व्यापारियों ने मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र अस्थाई व्यवस्था कराने की मांग की। साथ ही व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मंडी प्रशासन ने उनकी न्यायोचित मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया तो ऐसी स्थिति में जब उनके पास मंडी तौल की कोई व्यवस्था नहीं होगी वे किसानों का अनाज खरीदने में असमर्थ रहेंगे। व्यापारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे 12 जनवरी 2026 सोमवार से मंडी में अनाज खरीदी बंद कर देंगे। इससे क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है और मंडी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो सकती है।

# महाराष्ट्र में फंसे मजदूरों को पुलिस लाई वापस

**विधायक के हस्तक्षेप के बाद सकुशल लौटे मजदूर**

**पुलिस अपने खर्च पर लेकर आई मजदूरों को**

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** विधानसभा क्षेत्र के कई मजदूरों को महाराष्ट्र में मजदूरी करने के लिए लगभग एक महीने पहले ले जाया गया था जहां मजदूरों को बिना मजदूरी के काम कराने के साथ ही मजदूरों को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया था और उनके परिजनों ने विधायक बृजेंद्र सिंह यादव से गुहार लगाई थी और फिर विधायक के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ मजदूरों को लाया गया था, जिसमें उन मजदूरों के परिवारों के सदस्य खुशी से झूम उठे थे। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार को बाकी 36 मजदूरों को भी पुलिस अधीक्षक की तत्परता से महाराष्ट्र के धारावी जिला अंतर्गत थाना बासी गांव में बंधक बना




लिए गए थे जिसमे इन सभी मजदूरों को 500 रुपए प्रतिदिन से इनका बिचौलिया रिज़वान के द्वारा मजदूरों की राशि लेकर रख ली गई। तो वहीं महाराष्ट में मजदूरों से गन्ने काटने का काम करवाया जा रहा था बहा पर इनको बंधक बना लिया गया था और जब मजदूरों ने अपने घर आने का प्रयास किया तो आने भी नहीं दिया जा रहा था, जिसमें अशोकनगर की पुलिस की तत्परता से और महाराष्ट्र की पुलिस से मदद से अन्य सभी मजदूरों को बापिस घर ले आई है, बहादुरपुर थाने से एवं मुंगावली थाने से टीम बनाकर सम्बंधित स्थान पर भेजा गई और सभी मजदूरों को अपने घर सुरक्षित लाया गया। जिसमें मुंगावली थाने से एएसआई रामसिंह, बहादुरपुर थाने से उपेन्द सहित टीम का सोमवार को रवाना किया गया जो कि मंगलवार को महाराष्ट्र पहुंचकर वासी थाने के सहयोग से लगभग 200 किलोमीटर जिस गांव में जिस व्यक्ति के पास बंधक थे पुलिस के द्वारा धमकाया गया और बहा से छुड़ाया गया। वहीं पुलिस द्वारा बिचौलियों की तलाश तेज कर दी गई। तो वहीं मजदूरों को पुलिस अपने खर्च पर लेकर लौटी।

**बैठक** | **कलेक्टर ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश**

# करीला मेला तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने देखीं आवश्यक व्यवस्थाएं

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां जानकी माता मंदिर करीला धाम पर आगामी 8 मार्च 2026 को रंगपंचमी के अवसर पर तीन दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन किया जाएगा। करीला मेला के आयोजन की पूर्व तैयारियों के संबंध में कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को करीला धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान करीला पहुंच मार्गों पर बने पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्किंग स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं पेयजल, विद्युत, सुरक्षा,आवागमन, साफ सफाई के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पार्किंग एवं दुकानों हेतु टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि करीला धाम आने वाले वीआईपी



मूवमेंट की उचित व्यवस्था रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने करीला में चल रहे निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल, लाइट, साफ सफाई के उचित प्रबंध रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मंदिर परिसर के अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंनि मेला परिसर की सड़कों को पक्काक किये जाने तथा रोड के दोनों ओर आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दुकान न लगाये जाने के संबंध में सख्त निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कौंचा डेम पहुंचकर होमगार्ड जवानों की तैनाती किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कौंचा डेम बैरीकेटिंग एवं पानी के रिसाव को ठीक किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि मेला को सेक्टेरों में विभाजित किया जाये जिससे अगली बैठक सेक्टरवार समीक्षा की जाए सके। साथ ही उन्होंने सेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त जाने हेतु आदेश जारी किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

उन्होंने करीला पहुंचने हेतु मुख्य मार्ग के अतिरिक्त आवागमन हेतु परिवर्तित बैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था हेतु स्थल का चिन्हांकन किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने सुरक्षा व्यवस्था हेतु सीसीटीव्ही कैमरे,पीएम सिस्टम एवं खोया पाया केन्द्र स्थापित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि टेंकरों की फिलिंग पाइंट वही पर रहे यह सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने पार्किंग स्थलों पर हाईमास्क लाईट लगाई जाने के निर्देश विद्युत विभाग को दिये।

धर्मस्य विभाग भोपाल के मेला तीर्थ प्राधिकरण डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि मध्यमप्रदेश मे जो मेले लगते है वह करीला मेला टॉप 5 मेला में आता है। उन्होंने कहा कि इस मेले में नवाचार के साथ -साथ इस मेले के प्रबंधन को बेहतर बनाने जाने हेतु समय सीमा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समन्वय के साथ एक टीम बनाकर काम करे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश एक मात्र स्थान करीला है जहां पर बधाई नृत्य होता है, बधाई नृत्य को देखने दूर दूर से श्रृद्धालुओं आते है। बैठक में जिला वनमण्डलाधिकारी प्रतिभा अहिरवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर,एसडीएम मुंगावली इसरार खान एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



# सफाईकर्मियों की हड़ताल समाप्त

नवभारत न्यूज

**पिपरई।** नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न मांगो को लेकर की जा रहीं काम बंद हड़ताल तीसरे दिन एसडीएम की मध्यस्थता के साथ समाप्त हुई। दरअसल सफाईकर्मियों द्वारा पीएम कटने सहित समय पर वेतन दिये जाने सहित अन्य मांगो को लेकर हड़ताल की जा रही थी, जो तीसरे दिन भी रहीं। जिससे जहां कस्बे की सफाई व्यवस्था चरमरा गई। तो वहीं हड़ताल कर्मियों से एसडीएम इसरार खान ने मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। इसके बाद पीएम आदि पर सहमति बनी और उसके बाद सफाईकर्मी काम पर लौटे। इस दौरान 40 कर्मियों का पीएम काटने का योजना बनाई है, तो वहीं अन्य का जब स्वीकृत हो जाएंगे तब उनका पीएफ कटना शुरू हो जाएगा। वहीं प्रत्येक माह 5 तारीख तक सफाई कर्मियों की वेतन डालने की कोशिश रहेगी। साथ ही जिन कर्मचारियों की वेतन रूकी हुई उनकी एक साथ डालने की बात कहीं गई।